BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार 03 सितंबर , 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# श्री श्याम युवा मंडल का श्री श्याम शुकराना महोत्सव सम्पन्न



**हैदराबाद, 2 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री श्याम युवा मंडल भाग्यनगर का काचीगुड़ा स्थित श्री श्याम मंदिर शिवदत्त प्रह्लादराय सत्संग भवन में आयोजित 30वें वार्षिक समारोह के अंतर्गत श्री श्याम शुकराना महोत्सव सम्पन्न हुआ। महोत्सव के अवसर पर बाबा का अद्भुत श्रृंगार कर अखंड ज्योत, छप्पन भोग, बाबा का खजाना और भव्य दरबार का आयोजन किया गया, जिसके दर्शन का लाभ सैकड़ों भक्तों ने लिया। कार्यक्रम में नगर के भजन गायक शंभू अग्रवाल, चेतन दाहिमा, खलीलाबाद के हरमिंदर सिंह रोमी ने अपनी मधुर वाणी से भजन प्रस्तुत किये, जिससे भक्त भावविभोर हो उठे।इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंडल के सुरेंद्र अग्रवाल, हरीश डाकोतिया, विशाल ताजपुरिया, मनीष डाकोतिया, अशोक अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, नरेश तायल,

राकेश नालपुरिया, अमित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, जयप्रकाश गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, रोहित गोयल, भरत चांडा, अर्जुन थानवी, अंकित गर्ग, श्रवण अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, ऋषभ नालपुरिया, सागर चांदा, मतंग गनेरीवाल, दीपक अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, विवेक गुप्ता, संदीप अग्रवाल व अन्य ने सहयोग प्रदान किया। मंडल ने भक्तों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## अमित शाह ने बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली



**हैदराबाद, 2 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से फोन पर बात की और राज्य में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति के बारे में जानकारी ली।मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्होंने बाढ़ प्रभावित तेलंगाना राज्य को केंद्र की ओर से सहायता का आश्वासन दिया।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने शाह को भारी बारिश के कारण खेतों में हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को बारिश से तबाह हुए जिलों में जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा तत्काल उठाए जाने वाले एहतियाती कदमों के बारे में जानकारी दी।शाह ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार राज्य को बाढ़ राहत उपायों सहित सभी आवश्यक सहायता तुरंत प्रदान करेगी।



**नरसिंगदास आत्माराम बड़ागाँव वाले परिवार द्वारा सोमवती अमावस्या के अवसर पर गोल्डन टेम्पल, बंजारा हिल्स में लगभग 400 जरूरतमंदों में अन्नदान प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें सांभर, चावल, सब्जी, लड्डू, छाँछ रूपी प्रसाद उपलब्ध किया गया । अवसर पर परिवार के सदस्यों में मुकुंद लाल अग्रवाल, ईश्वर लाल अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, श्रीमती संतोष अग्रवाल आदि ने सेवा प्रदान की।**

# अग्रवाल समाज तेलेंगाना द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन रथ यात्रा 21 से



**हैदराबाद, 02 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलेंगाना द्वारा आगामी दि. 3 अक्तूबर को महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5148वीं ज्यंती उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी दि. 21 सितंबर, 2024 को प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महाराजा श्री अग्रसेन रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

रथ यात्रा समिति के चेयरमैन संजय गुप्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उक्त रथ यात्रा आगामी सोमवार, दि. 21 सितंबर से 03 अक्तूबर, 2024 तक तेलंगाना के विभिन्न जिलों तथा हैदराबाद (भाग्यनगर) में विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा करेगी ।

इस संदर्भ में सोमवार, दि. 02 सितंबर, 2024 को राघव रत्ना टॉवर्स स्थित अग्रवाल समाज कार्यालय में बैठक आयोजित की गई । बैठक में अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरशोत्तम अग्रवाल, रथ यात्रा समिति के चेयरमैन संजय गुप्ता, रुपेश अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, धीरज गुप्ता, शिव कुमार भाल वाले, हनुमानदास भाल वाले, फतेहचंद मित्तल आदि उपस्थित थे।

अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी अग्रवाल समाज की सभी शाखाओं से इस उत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

## पर्युषण महापर्व का दूसरा दिन स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया गया

# स्वाध्याय निर्जरा का एक आंतरिक भेद : साध्वी शिवमाला जी



**हैदराबाद, 02 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेरापंथ सभा, सिकन्दराबाद के तत्वावधान में राजा-राजेश्वरी गार्डन में साध्वीश्री शिवमाला जी के सान्निध्य में सम्पूर्ण श्रावक समाज हर्षोल्लास के साथ पर्युषण की आराधना में संलग्न है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार महापर्व आराधना का दूसरे दिन को स्वाध्याय-दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विशाल धर्म- परिषद को सम्बोधित करते हुए साध्वी श्री जी ने कहा कि पर्युषण पर्व भी अध्यात्म का प्रकाश-दीप स्वयं के भीतर जलाने की बात कहता है। दूसरे के भरोसे मत रहो। अंधेरों में रोशनी तलाशों और स्वयं पर विश्वास करो।साध्वीश्री जी ने कहा कि स्वाध्याय के रूप में आज का दिन आत्म दीप बनने की प्रेरणा देता है। आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देता है। जीवन की समस्याओं का जिम्मेदार व्यक्ति स्वयं है, दूसरा नहीं। स्वाध्याय अध्यात्म ग्रन्थ वाचन की प्रेरणा है।

परिषद को प्रेरणा प्रदान करते हुए साध्वी श्री जी ने कहा- आगम, ध्यान, तत्वज्ञान, जैन विद्या, तेरापंथ दर्शन, इतिहास स्वरुचि अनुसार स्वाध्याय का पंथ चुनो और प्रस्थान करो, असीम आनन्द प्राप्त होगा।

जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन जरूरी है, ब्रेन के लिए भी स्वाध्याय जरूरी है।स्वाध्याय के लिए मन की एकाग्रता जरूरी है, जो नित्य स्वाध्यायशील होते है, दुःखों को दुर करने वाले होते है। स्वाध्याय के द्वारा बड़ी से बड़ी समस्या से पार पाया जा सकता है। भगवान महावीर ने गौतम गणधर के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा स्वाध्याय करते-करते ज्ञानावरणीय कर्म को क्षय किया जा सकता है।

चतुदर्शी हाजरी का वाचन करते हुए कहा-हर तेरापंथी श्रावक अपने सिद्धान्तों, मर्यादाओं, व्यवस्था और अनुशासन का पूरा ध्यान रखे।

लक्ष्मीपत बैद द्वारा श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत- गंगाशहर, बीकानेर, उदासर , भीनासर, नोखा, नाल, देशनोक व रासीसर के हैदरावाद प्रवासियों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। साध्वी अमित रेखा जी ने कहा- ज्ञान की साधना आनंद की साधना है। मोक्ष प्राप्ति की साधना है। जैन आगमों में स्वाध्याय के पांच प्रकार बताए हैं, स्वाध्याय से तीर्थंकर गोत्र बंधन भी हो सकता है। 24 घंटे में आठ प्रहर होती है, आगम में चार प्रहर स्वाध्याय के लिए बताए गए हैं। मल्ली कुमारी जी के जीवन का अद्भुत वृतांत बताया गया ।

साध्वी अर्हम प्रभा जी एवं साध्वी रत्न प्रभा जी ने स्वाध्याय दिवस के उपलक्ष्य में गीत का संगान किया।

क्षेत्रीय जप आराधना में बढ़-चढ़कर श्रावक समाज हिस्सा ले रहा है। सैंकड़ो भाई-बहन तपस्या का प्रत्याख्यान किया। महिला मंडल मंत्री सुशीला मोदी द्वारा मंडल की सूचनाएं प्रेषित की गई।

युवक परिषद अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा द्वारा परिषद की सूचनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन लक्ष्मीपत बैद ने किया।

# अग्रवाल समाज बंजारा सेंट्रल शाखा की सावन की सैर आयोजित



**हैदराबाद, 02 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज बंजारा सेंट्रल शाखा की सावन की सैर कार्यक्रम माहेश्वरम स्थित ग्रांड एरिना स्पोर्ट्स काऊंटी रिसॉर्ट में सम्पन्न हुआ।

केंद्रीय समिति सदस्य सुनील कुमार अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उक्त कार्यक्रम में शाखा सदस्य अपने-अपने परिवारों के साथ आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम में मध्याह्न भोजन, हाई टी, रात्रि भोज आदि की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने इंडोर गेम्स, स्वीमिंग पूल व अन्य खेल-कूद व मनोरंजक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। रात्रि सहभोज के उपरां कराओके संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी ने नृत्य करते हुए लुत्फ़ उठाया। कार्यक्रम के दौरान शाखा में नई सदस्यता लेने वालों का परिचय करवाया गया। रिसॉर्ट में रात्रि विश्राम के पश्चात दूसरे दिन अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्तान किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शाखाध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जयदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष सीए अरविंद अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य विजय गुप्ता, रमेश कुमार अग्रवाल, संजय गोयल, पवन मोदी, रवि अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, अशुतोष नरेडी, सुरेंद्र अग्रवाल, अश्विन अग्रवाल, महेश केडिया, दिपि अग्रवाल, ललित अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज नचाराम मल्लापुर शाखा की दो दिवसीय सावन की सैर सम्पन्न



**हैदराबाद, 2 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज नचाराम मल्लापुर शाखा ने 30 अगस्त से 2 सितंबर 2024 तक सावन की सैर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। 2 दिन 3 रात पर आयोजित कांचीपुरम और तिरुवन्नामलाई (अरुणाचलेश्वर परिक्रमा) की मंदिर यात्रा थी। दौरे के संयोजक- देवेंद्र मित्तल और प्रतीक कुमार नारसरिया (मानद मंत्री) ने योजनाबद्ध यात्रा को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।शाखा के 44 सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें- प्रदीप कुमार अग्रवाल (अध्यक्ष), सुनील अग्रवाल (उपाध्यक्ष), प्रतीक कुमार नारसरिया (महासचिव), सत्यनारायण अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), पवन कुमार नारसरिया (सलाहकार), सुरेश जीतपुरिया (अमावस्या संयोजक) की उपस्थिति में यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस यात्रा के सभी शुभचिंतकों एवं विशेष रूप से पल्लवी इंटरनेशनल स्कूल, पोचाराम (सिंगापुर टाउनशिप) को उनके यो-गदान के लिए धन्यवाद दिया।



# डोंग्रेजी गौशाला में श्रावण सोमवार एवं सोमवती अमावस्या पर विशेष पूजा, हवन, अभिषेक सम्पन्न



**हैदराबाद, 2 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सागर रोड, इंजापुर गांव स्थित प. पूज्य रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला मे श्रावण मास के अंतीम सोमवार एवं सोमवती अमावास्या के पावन अवसर पर सोमवार दि. 2 सितम्बर 2024 को प्रातः 9 बजे से विशेष पूजन, अभिषेक एवं हवन कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।

प्रेस को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में पूज्येश्री रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला के संयोजक जयंती पटेल एवं अशोक पटेल ने बताया कि विश्व शांति एवं विश्व कल्याण की भावना, गौमाता राष्ट्र माता बने इस संकल्प के साथ गौशाला प्रांगण में विशेष हवन, गौपूजन एवं भगवान शंकर के अभिषेक कार्यक्रम का आयोजन जा रहा है।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप से पूर्व सांसद बी.वी. पाटील, एकल विद्यापीठ के अध्यक्ष कैलाश नारायण बांगडिया, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल, प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के मंत्री रिद्धीश जागीरदार, श्री गुजराती ब्राह्मण समाज अध्यक्ष तरूण महेता, आल इंडिया ओल्ड टेम्पल रिनोवेशन ट्रस्ट चेरमेन आर. के. जैन, वि.एच.पी. नेता यादगिरी, अखिल भारत गौ सेवा फाउंडेशन अध्यक्ष बालकृष्ण गुरूस्वामी आदि भाग लिया।

जयंती पटेल ने कहा कि गौशाला प्रांगण मे गौपूजन, भगवान शंकर के अभिषेक एवं आराधना विधि विधान के साथ यज्ञ आचार्य डॉ. राकेश शर्मा, काशी संस्कृत विद्यापीठ के वेदज्ञश्री सचिन देव, पं. विश्वास शर्मा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में सासंद वी.वी. पाटील, समाजसेवी रमेशभाई मजेठिया, रमेशचंद्र अग्रवाल, जसमत नानजीभाई पटेल, कांताबेन वसंतभाई, चाविवेन सुवारिया, बाबूभाई पटेल, रमेश भानजीभाई देवडा, अनुपभाई, अजय ओझा, दहु पटेल आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है।

# विशेष हाईलाइफ प्रदर्शनी कल से



**हैदराबाद, 02 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सितंबर विशेष फैशन, लाइफस्टाइल, उत्सव एवं विवाह आदि के लिए हाईलाइफ एक्जीबिशन का आयोजन 4 से 6 सितंबर, 2024 तक एचआईसीसी नोवोटल में किया जाएगा।

प्रदर्शनी में स्थानीय सहित देशभर से डिजाइनर भाग लेकर विविध प्रकार के फैशन तथा जीवनशैली पर आधारित उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे। मुख्य आकर्षण सितंबर माह के विशेष उत्पादों के साथ-साथ विशेष वैवाहिक संकलन होंगे। साथ ही फैशन वेयर, डिजाइनर वेयर, लाइफस्टाइल वेयर, वेडिंग वेयर तथा फ्यूजन वेयर, विविध प्रकार की एसेसरीज, ज्वेलरी, विविध प्रकार की आकर्षक वस्तुओं का वृहद संग्रह उपलब्ध होगा।



मेडचल रोड कालाकल स्थित या देवी श्रीआईजी गौशाला में भाद्रपद अमावस्या के अवसर पर गौ सेवा करते हुए गौशाला के संस्थापक सिरवी ताराराम, चंपालाल सिरवी, भोमाराम, सोहनलाल, मुकेश अग्रवाल, गणेश कुमार, प्यारी बाई, सुकिया देवी, गौरीदेवी, संगीता, जमकूँ देवी,तारावती, कांता व अन्य।

# जेपी नड्डा ने तेलंगाना बाढ़ पर चिंता व्यक्त की

**हैदराबाद, 02 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री और अखिल भारतीय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को तेलंगाना में भीषण बाढ़ और भारी बारिश की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की।केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी के साथ विस्तृत टेलीफोन पर बातचीत में, नड्डा ने राज्य भर में जान-माल के नुकसान, फसलों को हुए नुकसान और संपत्तियों के विनाश के बारे में अपनी चिंताएँ साझा कीं। नड्डा ने किशन रेड्डी से चल रहे बचाव कार्यों में राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया, खासकर प्रभावित निवासियों को भोजन और स्वच्छ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने में। उन्होंने किशन रेड्डी को पुनर्वास प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए राज्य भर में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेतृत्व को जुटाने की भी सलाह दी।



जियागुडा स्थित श्री समर्थ कामधेनु गोशाला में भादवा बदि अमावस्या पर गौसेवा करते गोशाला के प्रभु दत्त महाराज, हरि किशन मायच्छ, सत्यनारायण मौसून, पंकज वर्मा, शरद वर्मा, मनोज सोनी, महेश जवड़ा, पुरषोत्तम अग्रवाल, महावीर प्रसाद कड़ेल, हंसराज बैवाल, कृष्णा सोनी एवं अन्य।

# रेवंत ने बाढ़ राहत के लिए केंद्र से तत्काल 2,000 करोड़ रुपये मांगे

**खम्मम, 2 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सोमवार को केंद्र से बाढ़ राहत के लिए राज्य को तत्काल सहायता के रूप में 2,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक आकलन से पता चलता है कि भारी बारिश और बाढ़ से राज्य में 5,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि वे केंद्र से तत्काल सहायता प्रदान करने का अनुरोध कर रहे हैं और कहा कि केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और बंदी संजय कुमार को राज्य के लिए धन प्राप्त करने के लिए काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सूर्यपेट और खम्मम जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। वे हैदराबाद से सड़क मार्ग से रवाना हुए और सबसे पहले सूर्यपेट जिले में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान को देखने के लिए रुके। सूर्यपेट जिले के मोटे पहुंचने



के बाद, उन्होंने बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान पर अधिकारियों द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में जिले की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी और स्थानीय विधायक शामिल हुए।

रेवंत रेड्डी ने जिले में फसलों और अन्य संपत्तियों को हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें नागार्जुन सागर की बायीं नहर के टूटने से हुए नुकसान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सूर्यपेट जिले में सबसे अधिक 30 सेंटीमीटर बारिश हुई।

उन्होंने कहा कि अधिकारी लगातार लोगों के लिए उपलब्ध थे, उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने उन्हें फसल और अन्य नुकसान पर प्रारंभिक रिपोर्ट दी। उन्होंने कहा कि अधिकारी और जनप्रतिनिधि क्षेत्र स्तर पर उपलब्ध थे। उन्होंने जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को खम्मम और नलगोंडा जिलों की स्थिति के बारे में बताया और उनका समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि हर एकड़ जमीन पर फसल के नुकसान के लिए 10,000 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बाढ़ की स्थिति से निपटने को लेकर राज्य सरकार की आलोचना करने के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं की आलोचना की और कहा कि बाढ़ के दौरान कीचड़ उछालने की राजनीति नहीं की जानी चाहिए। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव और बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि एक नेता जो अमेरिका में है, वहीं से ट्वीट कर रहा है जबकि दूसरा फार्महाउस में है।

रेवंत रेड्डी ने कहा कि रामा राव जमानत के लिए 20 विधायकों के साथ दिल्ली गए लेकिन उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को सांत्वना नहीं दी। उन्होंने दावा किया कि सभी मंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बिना सोए स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

IN THE COURT OF THE HON'BLE CHIEF JUDGE,CITY CIVIL COURTS AT:-HYDERABAD
O.S.No. 115 OF 2001
Between:-
Sree Yadav (Aheer)Seva Sangh (Trust), Hyd. ...Plaintiff
AND
Tuljaram Yadav & (9) Others, Hyd. ..Defendants
To,
1. Durga Bai Yadav, W/o.Late Kanawale Omprakash Yadav R/o. H.No.15-7-168, Bhagwan gunj, Begum Bazar, Hyderabad.
2. Rajender Yadav, S/o.Late. Om Prakash yadav R/o.H.No. 15-7-168,Bhagwan gunj, Begum Bazar, Hyderabad.
3. Hema Bai Gope, D/o.Late.Kanawale Omprakash Yadav,R/o.H.No.15-7-193/1, Kolsawadi, Begum Bazar, Hyderabad.
4. Kalpana Yadav, D/o.Late Kanawale Omprakash Yadav R/o.H.No.14-7-320,Shanker Bazar,Begum Bazar, Hyderabad
5. Pinky Yadav, D/o. Late Kanawale Omprakash Yadav, R/o.H.No.15-7-168,Begum Bazar, Hyderabad.
6. Deepa Yadav, D/o. Late Kanawale Omprakash Yadav, R/o.H.No15-7-168,Bhagwan Gunj, Begum Bazar, Hyderabad.
...DEFENDANT No.4 to 9
WHEREAS the plaintiff has filed a Suit bearing O.S. No. 115 of 2001. Against the Defendant 1 to 3 initially and subsequently, the Defendants No.4 to 9 are brought on record as LR's of Late Kanawale Omprakash Yadav, Defendant No.2. This is to give notice that you, the above Defendant No.4 to 9, to appear before this Court on the **20th day of September 2024 at 10:30 AM in the Court** in person or through your counsel in the above O.S. Failing which, the court may proceed with the proceedings in your absence.
**// BY ORDER OF THE COURT //**
Sd/-
RAVI KUMAR VORA
VINAYAK CHAND YADAV,
Advocates for the plaintiff
office at Door No. 15-8-308 & 309, Feel Khana,Hyderabad - 12,T.S

## मोदी ने रेड्डी से की बात, तेलंगाना में बाढ़ की स्थिति की ली जानकारी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से बात की और उनसे राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली है।

श्री मोदी ने फोन पर हुई बातचीत के दौरान श्री रेड्डी से राज्य के कई जिलों में भारी बारिश और बाढ़ से हुए तत्काल राहत उपायों और बरती गयीं सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने श्री मोदी को बताया कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण सबसे ज्यादा नुकसान खम्मम जिले में हुआ है। वहीं, प्रधानमंत्री ने जनहानि को रोकने के लिए राज्य सरकार के



नुकसान के बारे में जानकारी ली।

श्री रेड्डी ने रविवार रात हुई बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री को राज्य में भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी और राज्य सरकार द्वारा व्यवधान को कम करने और जानमाल की क्षति को रोकने के लिए किये गये सक्रिय उपायों की सराहना की।

रविवार देर रात जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार प्रतिकूल मौसम की स्थिति में राहत कार्यों में सहायता के लिए हेलीकॉप्टरों की तैनाती सहित आवश्यक सहायता प्रदान करेगी।

# हुसैन सागर लबालब भरा, लोगों का आना जारी



**हैदराबा2 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारी जल प्रवाह के कारण, हुसैन सागर सोमवार को भी पानी से लबालब भरा रहा, जबकि ग्रेटर हैदराबाद म्यूनिसिपल अर्थॉरिटी के अधिकारियों ने पानी छोड़ने के लिए चार स्लुइस गेट खोले। झील में वर्तमान जल स्तर 513.60 मीटर दर्ज किया गया, जबकि फुल टैंक लेवल 514 मीटर है। इससे पहले, जीएचएमसी ने डिस्चार्ज चैनलों के साथ क्षेत्रों में लोगों को सतर्क कर दिया था।पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के बाद, हुसैन सागर में जुड़वां शहरों के विभिन्न हिस्सों से तूफानी जल नालों के माध्यम से भारी मात्रा में पानी आया। हैदराबाद के लिए पहले से ही ऑरेंज अलर्ट जारी होने और शहर और उसके आसपास बारिश जारी रहने के साथ, जीएचएमसी के अधिकारी जल स्तर की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

# रेवंत रेड्डी को कैश फॉर वोट मामले में सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली, 02 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना में 2015 के कथित कैश फॉर वोट घोटाला मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री एफ रेवंत रेड्डी को सार्वजनिक बयान देने में कुछ संयम बरतने की नसीहत देते हुए सोमवार को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने भारत राष्ट्र समिति (बीअ-ारएस) के विधायक गुंटाकंडला जगदीश रेड्डी और तीन अन्य की याचिका पर कांग्रेस नेता रेड्डी के अलावा अन्य आरोपियों से दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। बीआरएस नेता और अन्य की याचिका में मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा गया है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के पास गृह मंत्रालय का भी प्रभार है और वह इस मामले में सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं।

# आईएमडी ने की है अगले 24 घंटों में राज्य में भारी से लेकर बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी

**हैदराबा2 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटों में तेलंगाना के निर्मल, निजामाबाद, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेदक और कामारेड्डी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी से लेकर बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।सोमवार को अपनी दैनिक मौसम रिपोर्ट में, मौसम विज्ञान केंद्र ने यह भी चेतावनी दी कि अगले चार दिनों में राज्य के कई जिलों में अलग-अलग इलाकों में गरज के साथ बिजली चमकने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएँ चलने की संभावना है।राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून के जोरदार बने रहने के कारण अगले सात दिनों के दौरान तेलंगाना में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।पिछले 24 घंटों के दौरान कामारेड्डी जिले के अलग-अलग इलाकों में बहुत भारी बारिश हुई। निर्मल और मेडक जिलों के कुछ हिस्सों में भी बहुत भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि



आदिलाबाद, जगतियाल, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निजामाबाद, राजन्ना सिरसिला और सिद्दीपेट जिलों में अलग-अलग स्थानों पर काफी बारिश हुई। पेद्दापल्ली जिले के कई इलाकों और करीमनगर, वारंगल और महबूबाबाद के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई, जबकि हनमकोंडा, मुलुगु, नलगोंडा, रंगारेड्डी, संगारेड्डी और वानापर्थी जिलों में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान पूरे राज्य में व्यापक बारिश हुई।

# भविष्य की जरूरतों के लिए जलाशयों में भारी मात्रा में पानी संग्रहित करें

**हैदराबाद, 02 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य में भारी बारिश के कारण सिंचाई परियोजनाओं और जलाशयों में प्रचुर मात्रा में पानी आने के मद्देनजर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भविष्य की जरूरतों के लिए जलाशयों में भारी मात्रा में पानी जमा करने के लिए आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री ने अधिकारियों से परियोजनाओं से बाढ़ के पानी के निकलने के बारे में जानकारी ली। सिंचाई अधिकारियों को परियोजनाओं की सीमा में तालाबों, जलाशयों और अन्य जल निकायों में पानी जमा करने के लिए कहा गया है।जलग्रहण क्षेत्रों से भारी मात्रा में पानी आने के कारण पेद्दापल्ली जिले में श्रीपदा येलमपल्ली परियोजना में जल स्तर लगभग पूरी स्थापित क्षमता तक पहुंच गया है। येलमपल्ली परियोजना के गेट खोल दिए गए हैं और पानी गोदावरी नदी में छोड़ा गया है। अधिकारियों को येलमपल्ली से प्रतिदिन कम से कम एक टीएमसी बाढ़ का पानी उठाने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री ने नंदी और गायत्री पंप हाउस से पानी उठाकर जलाशयों को भरने का सुझाव दिया। मिड मनैर और लोअर मनैर बांध के साथ-साथ रंगनायक सागर और मल्लन्ना सागर जलाशयों में भी पानी पहुंचाया जाएगा। येल्लमपल्ली परियोजना की क्षमता 20 टीएमसी है, जबकि वर्तमान भंडारण क्षमता 18.45 टीएमसी तक पहुंच चुकी है।कडेम परियोजना में बढ़ते जल प्रवाह को देखते हुए गायत्री पंप से बाढ़ के पानी को मिड मनैर तक पहुंचाया जाएगा। मिड मनैर की क्षमता 27 टीएमसी है और वर्तमान जलस्तर 15 टीएमसी है। अधिकारियों को मिड मनैर से 14,000 क्यूसेक से अधिक पानी उठाकर लोअर मनैर बांध में छोड़ने का निर्देश दिया गया। अन्नपूर्णा जलाशय से रंगनायक सागर जलाशय में 6,400 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। रंगनायक सागर से मल्लन्ना सागर और कोंडापोचम्मा सागर तक पानी पंप किया जाएगा, ताकि दोनों जलाशय भर सकें। वहां से पानी सिंगुर परियोजना और निजाम सागर बांध तक पहुंचाया जाएगा।अन्नपूर्णा और रंगनायक सागर की क्षमता 7.53 टीएमसी है और मल्लन्ना सागर की क्षमता 50 टीएमसी है। वर्तमान में 11.43 टीएमसी पानी संग्रहित है। जबकि कोंडा पोचम्मा सागर की क्षमता 15 टीएमसी है और वर्तमान जलस्तर 7.91 टीएमसी पानी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार कोंडापोचम्मा सागर जलाशय में प्रचुर मात्रा में पानी संग्रहित किया जा सकता है। अधिकारियों को मल्लन्ना सागर में अधिकतम 18 टीएमसी से 20 टीएमसी और कोंडापोचम्मा सागर में 10 टीएमसी पानी संग्रहित करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल संग्रहण में आवश्यक सावधानी बरतने के लिए आगाह किया। रेवंत रेड्डी ने सिंचाई अधिकारियों को हल्दी वागु के माध्यम से कोंडापोचम्मा सागर से निजाम सागर तक पानी उठाने को कहा।



# कांग्रेस ने कथित अवैध इमारतों को गिराने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का स्वागत किया

**हैदराबाद, 02 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कांग्रेस पार्टी ने कथित अवैध इमारतों को गिराने के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में की गई टिप्पणियों का स्वागत किया है।

जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा दायर मामले की सोमवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर कोई इमारत अवैध भी मानी जाती है, तो उसे उचित प्रक्रिया के बिना नहीं गिराया जा सकता।



सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि वह जल्द ही इस मामले पर दिशा-निर्देश जारी करेगा और निर्देश दिया कि तब तक किसी भी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता शुजात अली ने अधिकारियों से विध्वंस से संबंधित किसी भी गैरकानूनी कार्रवाई को तुरंत रोकने का आग्रह किया, उन्होंने गुंडागर्दी के रूप में वर्णित इस तरह की कार्रवाई को समाप्त करने का आह्वान किया।




## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 73,690/-
(प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 85,100/-
(प्रति किलोग्राम)

## शेयर मार्केट



बीएसई : 82,559.84
+194.07 +0.24% ↑
एनएसई :25,278.70
42.80 (0.17%) ↑

# बाढ़ में जान गंवाने वालों के परिवारों को मुआवजा बढ़ाकर 25 लाख रुपए करें : केटीआर

**हैदराबाद, 02 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने हाल ही में आई बाढ़ में जान गंवाने वालों के परिवारों को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने के तेलंगाना सरकार के फैसले की आलोचना की और इस राशि को अपर्याप्त बताया।

केटीआर ने मांग की कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार मुआवजा बढ़ाकर 25 लाख रुपए करे।

एक ट्वीट में केटीआर ने बताया कि वर्तमान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पीसीसी के अध्यक्ष रहते हुए 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का वादा किया था। केटीआर ने सरकार से इस प्रतिबद्धता का सम्मान करने का आग्रह किया और बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता करने के लिए प्रशासन की आवश्यकता पर बल दिया। केटीआर ने सरकार से बाढ़ के कारण जिन लोगों के घर नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए, उन्हें 2.5 लाख रुपये से 5 लाख रुपए की सहायता देने के अपने वादे को पूरा करने का भी आह्वान किया।उन्होंने सरकार की तैयारियों की कमी के लिए आलोचना की और कहा कि जान का नुकसान प्रशासन की अक्षमता और खराब योजना का परिणाम है।केटीआर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के जीवन और सुरक्षा की रक्षा के लिए तत्काल उपाय किए जाने के महत्व पर बल दिया।

**Notice for Loss of Class 10, Class 12 & Degree Certificates.**

I, Mihir S. Vora, S/o. Samir Vora, Address: 301, HSR Bhoomana Enclave, B Block, 3-4-19, Bhoomana Lane, Barkatpura, Hyderabad 500027, Mobile 9440414122 lost my original documents while coming from the Xerox centre at Barkatpura Cross Road.
Details of Lost Certificates:
1. 10th Class (CBSE) Marksheet.
2. 10th Class Transfer Certificate
3. 12th Class (Inter) Marksheet.
4. 12th Class (Inter) Transfer Certificate
5. Degree (BA) Migration Certificates
6. Degree (BA) Transfer Certificate.
Anyone found this documents pls send on above address or call on mobile number within 3 days of this notice. Founder will be suitably rewarded.



सोमवती अमावस्या पर गावलीगुड़ा स्थित इमलीबन गौशाला में गौ माताओं को हरा चारा खिलाते हुए जामबाग डिविजन के पार्षद राकेशल जायसवाल एवं सिकंदराबाद तथा बोइनपल्ली मार्केट याड व्यापारी संघ के अध्यक्ष ए. गौतम जैन, मणिलाल शाह, पी. राजेंद्र यादव, गजानंद चौधरी, रघुनंद गोप, प्रेमचंद मुणोत, एम. नरसिंह राव एवं रवि आदि उपस्थित थे।



सीएम रेवंत ने केंद्र से किया तेलंगाना में हुई भारी बारिश और बाढ़ को

# राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का आग्रह



**हैदराबाद, 2 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य में हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस घटना में लाखों एकड़ में फैली फसल और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव शांति कुमारी को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बाढ़ के गंभीर प्रभाव का आकलन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से तेलंगाना का दौरा करने का अनुरोध करने का निर्देश दिया।

भारी बारिश के मद्देनजर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार सुबह जुबली हिल्स स्थित पुलिस कमांड कंट्रोल सेंटर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक के दौरान मौसम विभाग के अधिकारियों से असामान्य रूप से भारी बारिश के कारणों और आने वाले दिनों के मौसम पूर्वानुमान के बारे में परामर्श किया गया। पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बारिश उम्मीद से अधिक हुई है, जो पिछले पांच से दस वर्षों में नहीं देखी गई।मुख्यमंत्री ने आदिलाबाद, निजामाबाद और निर्मल सहित सबसे अधिक प्रभावित जिलों में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया, जहां भारी बारिश जारी रहने की उम्मीद है। उन्होंने जिला कलेक्टरों, अधिकारियों और सभी विभागों के कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया, जो अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभाने में विफल रहे।रेवंत रेड्डी ने निर्देश दिया कि एहतियात के तौर पर निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को राहत शिविरों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का भी आदेश दिया, जिसमें 24 घंटे निरंतर निगरानी की जाएगी।इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तालाबों, पुलियों, निचले स्तर के पुलों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की बारीकी से निगरानी करने और हर तीन घंटे में मौसम बुलेटिन जारी करने का निर्देश दिया।प्रभावित लोगों की सहायता के लिए, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मुआवजे के पैकेज की घोषणा की और जान गंवाने वालों के परिवारों के लिए 4 से 5 लाख रुपये, दुधारू मवेशियों के लिए 30,000 से 50,000 रुपये और बकरियों और भेड़ों के लिए 3,000 से 5,000 रुपये।

उन्होंने फसल के नुकसान पर भी बात की, जिसके प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लगभग 5 लाख एकड़ में नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने फसल नुकसान की पुष्टि के लिए तत्काल क्षेत्रीय आकलन के आदेश दिए तथा कामारेड्डी में बाढ़ के दौरान की गई प्रतिक्रिया के समान शीघ्र मुआवजा देने को कहा।

रेवंत रेड्डी ने आगे निर्देश दिया कि जिन परिवारों के घर ढह गए हैं, उन्हें इंदिराम्मा घर दिए जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार फसल क्षति का निरीक्षण करने के लिए टीमें भेजे और प्रधानमंत्री से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने राज्य के 8 बटालियनों के युवा पुलिस अधिकारियों में से एक तिहाई को एनडीआरएफ-शैली की आपदा प्रतिक्रिया में प्रशिक्षित करने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने भारी बारिश और बाढ़ के दौरान एनडीआरएफ से तत्काल राहत प्राप्त करने में देरी पर सवाल उठाया। जवाब में, अधिकारियों ने बताया कि एनडीआरएफ की टीमें अनुरोधों के आधार पर भेजी जाती हैं, जिससे देरी हो सकती है। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि राज्य के युवा पुलिस को एनडीआरएफ के तरीकों में प्रशिक्षित किया जाए, भले ही इसके लिए नए उपकरण खरीदने और ओडिशा और गुजरात जैसे राज्यों से प्रक्रियाओं का अध्ययन करने की आवश्यकता हो।












स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.